फर्द अहकाम

(नियम 26)

2019/00336

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, चित्तौड़गढ़ (राज.) 28.10.20

कुरडाराम पिता श्री लालूराम निरंजक(?) बनाम तहसीलदार चित्तौड़गढ़
निवासी [illegible] तहसील [illegible] जि. [illegible]
श्रीमती [illegible] पत्नी [illegible]

कार्यवाही अन्तर्गत [illegible] (राज.)
→ 131 भू राजस्व अधिनियम

किस्म मुकदमा प्रार्थना पत्र नं. 316 सन् 2019

उपस्थिति : 1- ओंकारलाल कुमावत अधिवक्ता प्रार्थी
2- पैरोकार सरकार ना. तहसीलदार चित्तौड़गढ़ [illegible]

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	निर्णय दिनांक 28/10/2020 संक्षिप्त विवरण मामला इस प्रकार है कि प्रार्थी ने विरुद्ध विपक्षी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू राजस्व अधिनियम बाबत् कराये जाने राजस्व रेकार्ड मे शुद्धि इस आशय का प्रस्तुत किया कि प्रार्थी ने जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07/6/1982 के माध्यम से कालू पिता खुमा बलाई निवासी पुठोली से गत भू प्रबन्ध की आराजी नम्बर 1465/1 रकबा 2 बीघा क्रय कर कब्जा प्राप्त किया तथा नये भू प्रबन्ध के आ. नं. 2204/1 रकबा 0.43 हे. बने हैं, जिसके पड़ौस निम्न है — पूर्व : रास्ता मूंगा का खेडा जाने का पश्चिम : खुद की जमीन स्वयं की उत्तर : आराजी नं. 1462/3 दक्षिण : मोडसिंह पिता फूलसिंहजी की जमीन प्रार्थी ने भूमि क्रय कर कब्जा प्राप्त किया तभी से उपरोक्त पड़ौसों के मध्य काबिज हो उपभोग उपयोग किया जा रहा है। आ.नं. 2204/1 रकबा 0.43 हे. मूल आ.नं. 2204 की उत्तर दिशा मे प्रार्थी काबिज है एवं राजस्व कर्मचारियों द्वारा मूल आ.नं. 2204 के दक्षिण दिशा मे आ.नं. 2204/1 तरमीम कर दिया जो मौके की स्थिति के अनुसार गलत है। राजस्व कर्मचारियों द्वारा मूल आराजी नं. 2204 का नक्शा तैयार करते वक्त गलत [illegible] प्रार्थी की आ.नं. 2204 रकबा 0.43 हे. को नये [illegible]	

(श्याम सुन्दर बिश्नोई)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not V[erified]
Digitally signed by S[...]
Bishnoi
Date: 2020.11.04 1[...]
Reason: SelfAtteste[d]

हुक्म

मे दक्षिण दिशा मे तरमीम कर दिया गया जो गलत है, प्रार्थी मूल आ.नं. 2204 के उत्तर दिशा मे मौके पर काबिज है, जिससे राजस्व रेकार्ड नक्शे मे दुरूस्ती हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर राजस्व रेकार्ड मे नक्शे मे तरमीम मे शुद्धि किये जाने का आदेश फरमाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी को जरिए नोटिस तलब किया गया। विपक्षी द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया। बहस प्रकरण उभय पक्ष सुनी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन कर, प्रार्थना पत्र जवाब प्रार्थना पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजात का अध्ययन कर बहस उभय पक्ष पर गम्भीरता से चिंतन मनन किया। प्रार्थी द्वारा ग्राम पुठोली की गत आ.नं. 1465/1 रकबा 2 बीघा पडौस पूर्व मे शल्ला मुंगा का खेडा जाने का पश्चिम स्वंय की जमीन विक्रेता की उत्तर 1462/3 विक्रेता स्वयं की दक्षिण भोडसिंह पिता फूलसिंह की जमीन स्थित भूमि कालू पिता रजुमा जी बलाई निवासी पुठोली से क्रय किया जाना पत्रावली मे उपलब्ध विक्रय पत्र दिनांक 07-6-82 की छाया प्रति से प्रमाणित है। उक्त विक्रय पत्र दिनांक 07-06-1982 के आधार पर तहसीलदार गंगरार ने अपने प्रकरण संख्या 17/2010 मे दिनांक 28/04/2011 को पारित निर्णय मे ग्राम पुठोली की जमाबन्दी सम्वत 2063-66 के खाता संख्या 59 मे दर्ज आराजी नं. 2204/1 रकबा 0.43 हे. को प्रार्थी के नाम दर्ज करने के आदेश दिए। उक्त भूमि वर्तमान मे ग्राम चन्देरिया तहसील चित्तौडगढ की नकल जमाबन्दी सम्वत 2067-2070 के अनुसार प्रार्थी के नाम दर्ज रेकार्ड है, जिसे प्रार्थी नक्शे मे मूल आ.नं. 2204 के उत्तर दिशा मे तरमीम कराना चाहता है। प्रार्थी ने भूमि क्रय करते वक्त विक्रय पत्र मे क्रय की गई भूमि के जो पडौस अंकित है, वही पडौस प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मे भी अंकित किए है। उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार चित्तौडगढ को आदेश दिए जाते है

लगातार

(श्याम सुन्दर बिश्नोई)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सहायक कलेक्टर, चित्तौड़गढ़
उपखण्ड अधिकारी, जिला चित्तौड़गढ़

Signature Not Verified
Digitally signed by Bishnoi
Date: 2020.11.04
Reason: SelfAttes

रीख
हुक्म

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

प्रा० पत्र 316/2019

कि पार्थी द्वारा भूमि क्रय करके सम्बन्धी विक्रय पत्र दिनांक 07/6/1982 मे भूमि के जो पडौस अंकित है, उसी अनुरूप पार्थी की क्रय शुदा भूमि का नक्शे मे तरमीम किया जावे। निर्णय की प्रति पालनार्थ तहसीलदार चित्तौड़गढ़ को प्रेषित की जावे।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(श्याम सुन्दर बिश्नोई)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सहायक कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2020.11.04 17:18:45 IST
Reason: SelfAttested